# सराहनीय कार्य

## इटावा पुलिस

**प्रेस नोट- दिनांक 12.05.2026**

**#CRACKDOWN**

- **अपराध नियंत्रण की दिशा में बड़ी कार्यवाही:**
- **इटावा पुलिस द्वारा लूट की योजना बना रहे कुल 02 अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ में किया गया गिरफ्तार,**

**कब्जे से 02 अवैध तमंचा 315 बोर, 05 खोखा कारतूस, 04 जिंदा कारतूस 315 बोर, 01 काली स्कॉर्पियो (बिना नंबर प्लेट) की गयी बरामद।**

**अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव के कुशल पर्यवेक्षण में थाना वैदपुरा पुलिस व थाना बसरेहर पुलिस द्वारा संयुक्त रुप से की गयी कार्यवाही।**

**घटना /गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-**

जनपद में अपराध एवं लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश में दिनांक 11/12.05.2026 की रात्रि को थाना वैदपुरा पुलिस टीम द्वारा ग्राम छितौनी से खरदूली की तरफ संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि 01 काली स्कॉर्पियो (बिना नम्बर प्लेट) में सवार 02 व्यक्ति लूट की योजना बना रहे हैं, सूचना के आधार पर थाना वैदपुरा पुलिस टीम खर्दूली पहुंची तो 02 अभियुक्त पुलिस टीम को देखकर खर्दूली से इटगांव की तरफ फायरिंग करते हुये भागने लगे जिसकी तत्काल सूचना थानाध्यक्ष वैदपुरा द्वारा थानाध्यक्ष बसरेहर को दी गयी। अभियुक्तों द्वारा स्वयं को पुलिस टीमों से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी। फायरिंग से थानाध्यक्ष वैदपुरा की सरकारी गाड़ी की दाहिनी साइड की लाइट पर गोली लगी। पुलिस टीमों द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में **अभियुक्त सिकंदर के दोनों पैरों में गोली लगी है, घेरा बंदी करते हुये 02 अभियुक्तों को ग्राम चकबा बुजुर्ग ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। घायल अभियुक्त सिकंदर को उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया गया है।**

**पुलिस पूछताछः-**

गिरफ्तार अभियुक्तों से पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करते हुये तलाशी ली गयी तो उनके कब्जे से 02 अवैध तमंचा 315 बोर, 05 खोखा कारतूस, 04 जिंदा कारतूस 315 बोर, 01 काली स्कॉर्पियो (बिना नंबर प्लेट) की गयी बरामद। पुलिस टीम द्वारा कडायी से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि क्षेत्र में किसी बड़ी लूट की घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे थे।

**उक्त गिरफ्तारी, बरामदगी और पुलिस मुठभेड़ के संबंध में थाना वैदपुरा पर मु0अ0सं0 40/2026 धारा 109(1)/ 312 बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।**

**नोट- 01 काली स्कॉर्पियो को धारा 207 एमवीएक्ट के अन्तर्गत सीज किया गया है।**

**गिरफ्तार अभियुक्तगणः-**

1. सिकंदर उर्फ अखिल पुत्र संदेश कुमार निवासी ग्राम कुनैरा थाना फ्रेंड्स कॉलोनी जनपद इटावा **उम्र करीब 35 वर्ष**। **(हिस्ट्रीशीटर)**
2. नितिन उर्फ छोटू पुत्र सत्यप्रकाश निवासी ग्राम कुनैरा थाना वैदपुरा जनपद इटावा **उम्र करीब 25 वर्ष ।**

**पंजीकृत अभियोग-**

1. मु0अ0सं0 40/2026 धारा 109(1)/ 312 बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधिनियम थाना वैदपुरा जनपद इटावा।

**आपराधिक इतिहास-**

**सिकंदर उर्फ अखिल- H.S Number-9A**

1. मु0अ0सं0 416/08 धारा 332/352/504/427 भा0द0वि0 वैदपुरा इटावा
2. मु0अ0सं0 03/2009 धारा 3(1) गुण्डा एक्ट वैदपुरा इटावा
3. मु0अ0सं0 290/09 धारा 302/201 भा0द0वि सिविल लाइन इटावा
4. मु0अ0सं0 394/09धारा 392/411/120 बी0 भा0द0वि0 इकदिलइटावा
5. मु0अ0सं0 381/2009 धारा392/411 भा0द0वि0 इकदिलइटावा
6. मु0अ0सं0 81/2009 धारा 394/302 भा0द0वि0 वैदपुरा इटावा
7. मु0अ0सं0 484/2009 धारा2/3 गैंगस्टर एक्ट इकदिल इटावा
8. मु0अ0सं0 378/2016 धारा3/25 आर्मस एक्ट वैदपुरा इटावा
9. मु0अ0सं0 328/2016 धारा302/34/404 भा0द0वि0 सिविल लाइन इटावा
10. मु0अ0सं0 11/2025 धारा115(2), 324(4), 351(2), 352 बी0एन0एस0 फ्रेन्ड्स कालोनी इटावा
11. मु0अ0सं0 265/2025 धारा 3/25 आर्मस एक्ट फ्रेन्ड्स कालोनी इटावा
12. मु0अ0सं0 18/2026 धारा125(b), 281 बी0एन0एस0 वैदपुरा इटावा
13. मु0अ0सं0 40/2026 धारा 109(1) पुलिस मुठभेड़/312 बी0एन0एस0 व 3/25/27 आर्मस एक्ट वैदपुरा इटावा

**नितिन उर्फ छोटू-**

1.मु0अ0सं0 40/2026 धारा 109(1) पुलिस मुठभेड़/312 बी0एन0एस0 व 3/25/27 आर्मस एक्ट वैदपुरा इटावा

**बरामदगीः-**

1. 02 अवैध तमंचा 315 बोर
2. 05 खोखा कारतूस
3. 04 जिंदा कारतूस
4. 01 काली स्कॉर्पियो **(बिना नंबर प्लेट)**

**पुलिस टीम-** थानाध्यक्ष वैदपुरा श्री नागेन्द्र चौधरी मय टीम, थानाध्यक्ष बसरेहर मय टीम।